## सार-समाचार

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**झुंझुनूं,** । रविवार को झुंझुनूं में होने वाले मेघवाल महाकुंभ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह व हॉस्टल नींव के कार्यक्रम की तैयारियों पूर्ण कर ली गई है। रविवार को होने वाले महाकुंभ को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष सुरेश चित्तौसा की अध्यक्षता में बैठक हुई। संस्था जिला महासचिव रमेश भूकल ने बताया कि कार्यक्रम स्थल गुढ़ा रोड पर एस्सार पेट्रोल पंप के सामने मंगलम विहार में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा व अध्यक्षता अजमेर डिस्कॉम एमडी केपी वर्मा करेंगे एवं अति विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड राजस्थान पुलिस डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व संभागीय आयुक्त पीसी बेरवाल, पिलानी विधायक पितराम काला, संयुक्त शासन सचिव वित्त इंद्रराज मेघवाल, झुंझुनूं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, पुलिस इंस्पेक्टर सीकर इंद्राज मरोड़िया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया और मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर राहुल मेघवाल रहेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेश चित्तौसा ग्रामवासियों को बताया कि सबसे पहले हॉस्टल की नींव रखवाई जाएगी। तत्पश्चात जिन प्रतिभावान बच्चों के सत्र 2024-25 में आठवीं में 90 प्रतिशत, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोतर में 70 प्रतिशत अंक, आईआईटी, नीट, आरजेएस उच्च शिक्षण व राजकीय सेवा में चयनित और विशेष क्षेत्र में विशेष उपलब्धि, दहेज मुक्त विवाह करने वाले को अतिथियों से सम्मानित करवाया जाएगा।

### दीपावली स्नेह मिलन आज

**चूरू** । राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग शिक्षक संघ जिला चूरू का दीपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार 26 अक्टूबर को पेंशनर भवन में आयोजित किया जायेगा। संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सुंडा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी व विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष अनिल भारद्वाज होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष रामकुमार पटीर करेंगे। कार्यक्रम में सीकर जिलाध्यक्ष गजानंद शर्मा, झुंझुनू जिलाध्यक्ष राजेंद्र झाझड़िया, पूर्व संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी पवन कुमार शर्मा, प्राचार्य मुरारी लाल भी शिरकत करेंगे। इस दौरान संस्कृत शिक्षा जगत के जिलेभर के शिक्षक भाग लेंगे।

### प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**झुंझुनूं** । अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश लाहोरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार के निर्देशानुसार प्रदेश कार्य समिति घोषित की है। जिसमें उदयपुर के मदनलाल खोकर व चितौड़गढ़ के राजेश कोदली को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष तथा विजय चौहान सहित पांच वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तथा दस उपाध्यक्ष, रमेश ढेंढवाल को प्रदेश कोषाध्यक्ष व सुनील जैदिया को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पीएल जैदिया व सुरेंद्र पंवार को प्रदेश सलाहकार तथा जयपुर के मिलापचंद गुजराती प्रदेश महामंत्री व कालूराम भंडारी सहित दर्जनभर प्रदेश मंत्री के अलावा शशांक कलोशिया, राजसमंद को मीडिया प्रभारी, राकेश तेजी जयपुर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, मुकेश लोट प्रदेश प्रचार मंत्री व कुलदीप गुजराती प्रदेश संगठन मंत्री के अलावा लेखराज चावरिया सहित कुल दस जनों को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किए गए है। इसके अलावा लाखेरी की रेखा कलोसिया को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष व सातों संभाग के अध्यक्ष भी बनाए गए है।

### एफट्र्स की बैठक संपन्न

**झुंझुनूं** । अंबेडकर भवन झुंझुनूं में सामाजिक संस्था एफट्र्स के कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। सामाजिक संस्था एफट्र्स झुंझुनूं जिले के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध करवाती हैं। कोर कमेटी सदस्यों ने बताया कि बैठक में संस्थाहित में विचार विमर्श किया गया। सदस्यों ने एफट्र्स के माध्यम से अनुसूचित जाति के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया। एफट्र्स की कार्यशैली को समाज के हर जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचाने का निर्णय लिया। साथ ही अब तक संस्था के माध्यम से चयनित 28 बच्चों के सम्मान को लेकर समारोह आयोजित करने पर विचार किया तथा कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान कोर कमेटी सदस्य इंद्राजसिंह भूरिया, डॉ. राकेश कुमार माहिच, डॉ. महेश सरोवा, डॉ. अरविंद नारनौलिया, व्याख्याता सुनिल कलिया, सीताराम बास बुडाना, व्याख्याता सुनिल गोठवाल, वरिष्ठ अध्यापक राकेश तूनवाल, नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्र कहड़ायला, होमगार्ड अजय वर्मा, संदीप टंडन ने अपने विचार रखे।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

**झुंझुनूं।** योग के क्षेत्र में योगा गोल्डन गर्ल एवं अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त करने वाली सुदेश खरड़िया के असामयिक निधन पर योग साधकों में शोक की लहर व्याप्त हैं। शनिवार को नियमित योग क्लास के बाद योग साधकों ने दो मिनिट का मौन रखा एवं उस दिव्य आत्मा को एक सौ एक बार सूर्य नमस्कार कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि सुदेश योग में उभरती हुई प्रतिभा थी। जिनका असामयिक निधन हो गया। यह बहुत ही दुखदायी एवं असहनीय घटना हैं। इस अवसर पर शुभकरण चौधरी के अलावा पवन कुमार राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति राजस्थान, सम्पत बारूपाल अध्यक्ष भारतीय शिक्षा बोर्ड, रामनिवास जिनोलिया, सुभाष सोनी, संजय अठावाल, ओमप्रकाश मीणा, सत्यदेव दड़िया, मनीराम खालिया, प्रीति शर्मा, बनवारीसिंह राठौड़, सावित्री चौधरी, मोनिका नेहरा, सुनिता नूनियां, रजनी जिनोलिया, विनोद पुजारी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### विधानपूर्वक हुआ देवपूजन

**रतनगढ़( निसं )** अपना घर आश्रम के नव निर्मित भवन में शनिवार को वास्तु शांति हवन और पूजन बीकानेर से पधारे पंडित अमरीश व्यास के आचार्यत्व में सप्त विप्र मंडली द्वारा विधि विधान पूर्वक किया गया । मुख्य यजमान के रूप में डॉ विजय प्रकाश गोयल और डॉ लता गोयल दंपति ने पूजन किया तथा डॉ जय प्रकाश गोयल डॉ अनुराधा गोयल,ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास, सुनीता व्यास,महावीर रामगढ़िया,अरूण ललिता रामगढ़िया ,कैलाश जाजू ,अलका जाजू आदि दंपति पूजन में सहभागी रहे ।इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर , उपाध्यक्ष भंवरलाल मुंदलिया, ट्रस्टी देवेंद्र यादव,अनूप जोशी,गोपालराम धायल,संतोष कंवल रामावतार ठठेरा आदि उपस्थित थे ।

### दिया कुमारी आज खाटू श्याम जी में

**सीकर** । राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 26 अक्टूबर, 2025 (रविवार) को खाटूश्यामजी आएंगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी दोपहर 1:15 बजे ग्राम गदड़ी, बधाल जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे श्री खाटूश्याम जी मंदिर, सीकर पहुंचेंगी तथा खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा दर्शन कर मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2:30 बजे खाटूश्यामजी से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएगी ।

# 2014 से पहले देश में हो रहे थे घोटाले : मदन राठौड

**जयपुर/फतेहपुर** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को फतेहपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2014 के बाद भ्रष्टाचार-मुक्त शासन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं। आज देश में ईमानदारी, विकास और आत्मनिर्भरता की नई सोच ने जन-जन में विश्वास पैदा किया है। 2014 से पहले जहां देश में घोटालों की भरमार थी, 2 घोटाला, कोयला घोटाला, बोफोर्स घोटाला, चारा और पंडुबी जैसे घोटाले रोज अखबारों में छपते थे, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनने के बाद से देश में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले जनता का टैक्स चोरों की जेब में जाता था, आज

■ **जनता का टैक्स चोरों की जेब में जाता था; आज वही पैसा विकास में लग रहा है : मदन राठौड़**

वही पैसा विकास में लग रहा है। अब बिचौलियों की भूमिका खत्म हो चुकी है और जनता को सीधे लाभ मिल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि देश में पहले 36 प्रकार के टैक्स से व्यापारी और आम जनता परेशान रहती थी, लेकिन मोदी सरकार ने सभी टैक्सों को समाप्त कर एकल जीएसटी प्रणाली लागू की, इससे व्यापारी वर्ग को राहत मिली और व्यवस्था पारदर्शी हुई। दीपावली से पहले रोजमर्रा की वस्तुएँ सस्ती होने को भी उन्होंने सरकार की जनहितैषी नीति का परिणाम बताया। राठौड़ ने कहा कि मोदी जी ने हर घर स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल का नारा देकर देश में आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें ताकि देश का धन देश में रहे और देश की प्रतिभा, मजदूर और कारीगर सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि जब हम भारतीय वस्तुएँ खरीदेंगे तो हमारे किसान, उद्योगपति और श्रमिक सब मजबूत होंगे। यही सच्चा राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे ने तो यहां तक कह दिया था कि घोटाले करो, ये जनता सब भूल जाती है, चुनाव में इनके सामने पगडी रख दो, ये आशीर्वाद दे देती है। ऐसे लोग जब राजनीति में रहेंगे तो विकास नहीं होगा। आज पक्ष और विपक्ष को विकास की प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में बिजली, रोजगार और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भजनलाल जी ने बिजली संकट दूर किया, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की, युवाओं को नौकरियाँ दीं और पुलिस बल को सशक्त बनाया। राठौड़ ने कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि गहलोत के शासन में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था चरम पर थी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद जग जाहिर है, ऐसे में जो अपनी पार्टी नहीं संभाल पाए, वे जनता की सेवा कैसे करेंगे।

### चोपदार को बिहार विधानसभा चुनाव में जिम्मेदारी

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार को फिर एक बार बड़ी जिम्मेदारी दी है। एमडी चोपदार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बहादुरगंज विधानसभा के पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। चोपदार ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# आर.ए.एस. में चयनित नरेंद्र सिंह शेखावत का भव्य स्वागत

**पाटन** । निकटवर्ती ग्राम काचरेडा में हर्ष और उत्साह का माहौल उस समय देखने को मिला जब गांव के ही नरेंद्र सिंह शेखावत (बड़ागांव) का चयन प्रतिष्ठित राजस्थान प्रशासनिक सेवा में हुआ।गांव में गणेश मंदिर भंडाला से लेकर काचरेडा तक एक भव्य सम्मान रैली निकाली गई, जिसमें डीजे की धुनों और पुष्प वर्षा के बीच ग्रामीणों ने शेखावत का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें साफा पहनाकर और मालाओं से सम्मानित किया गया।शेखावत ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर गांव व परिवार का नाम रोशन किया। उन्होंने अपनी उपलब्धि

■ **गांव में गणेश मंदिर भंडाला से लेकर काचरेडा तक एक भव्य सम्मान रैली निकाली गई**

का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि अगर मन में ठान लिया जाए और लगन व निष्ठा से निरंतर प्रयास किया जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।एडवोकेट भवानी टेलर (काचरेडा) ने बताया कि शेखावत वर्तमान में प्रयोगशाला सहायक पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व भी उनका चयन सरकारी सेवा में हो चुका था, लेकिन प्रशासनिक सेवा में जाने के अपने सपने को साकार करने के लिए उन्होंने वह पद ग्रहण नहीं किया।नरेंद्र सिंह, स्वर्गीय नाथू सिंह तंवर के पुत्र सुभाष सिंह के जवाई हैं। गांव के लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में शेखावत ने ठाकुर जी के मंदिर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया। ग्रामवासियों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इज़हार किया।इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में मिला आवासीय मकान का पट्टा

**रतनगढ़** । राजस्थान की जन लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत 24 अक्टूबर 2025 को ग्राम पंचायत कांगड़, पंचायत समिति रतनगढ़, जिला चूरू में ग्रामीण सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच लक्ष्मणराम सारण, तहसीलदार पूजा पारीक, सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण सैनी, ग्राम विकास अधिकारी विमल विश्नोई प्रशासनिक अधिकारी संजय पारीक, कनिष्ठ लिपिक दशरथ सिंह सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।शिविर में विभिन्न विभागों

■ **जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों में खुशी की लहर**

द्वारा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कांगड़ निवासी श्रवण कुमार पुत्र जोतराम स्वामी को उनके आवासीय मकान का पट्टा प्रदान किया गया।

उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे तत्काल प्रक्रिया पूर्ण कर मौके पर ही स्वीकृत कर दिया गया।ग्राम विकास अधिकारीविश्नोईने बताया कि सेवा शिविर पखवाड़ा के दौरान पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चल रहे शिविरों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का कार्य तेजी से जारी है।तहसीलदार पूजा पारीक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सेवा पर्व पखवाड़ा वास्तव में सरकार और जनता के बीच एक सशक्त संवाद का माध्यम बन गया है। इससे ग्रामीणों को न केवल योजनाओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि उन्हें उनका सीधा लाभ भी मिल रहा है।आवासीय पट्टा प्राप्त कर श्रवण कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के इस प्रयास से ग्रामीणों को अब सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। अब सभी सुविधाएं गांवों में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे आमजन को काफी राहत मिली है।शिविर के दौरान अनेक ग्रामीणों ने विभागीय स्टॉलों पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की । और विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन भी किए।

# दानेदार डीएपी खाद के अन्य विकल्पों एवं बीज चयन के प्रति जागरूक हो किसान : रतेरवाल

**चिड़ावा** । देश में घटते आयात, घरेलू उत्पादन में कमी, उच्च मांग जैसे अन्य कारणों की वजह से डीएपी उर्वरक की आवश्यकता अनुसार पूर्ति न होने के कारण किसानों को डीएपी खाद लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें निर्धारित मूल्यों से अधिक पर खाद मिलना सबसे बड़ी समस्या है। जिसे किसान न चाहते हुए भी अदा करता है। इन सब समस्याओं से बचने के लिए किसानों को समझने की आवश्यकता है कि डीएपी खाद, जिसमें 18 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। इसके अन्य विकल्प भी बाजार में उपलब्ध है। जो असरदार भी है। जिसमें कोरोमंडल द्वारा उत्पादित नैनो डीएपी तरल, जिसमें पांच एमएल प्रति किलो बीज की दर से उपचारित कर के इस्तेमाल कर सकते है। सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। एनपी के 20-20-0-13 जिसे अमोनियम फॉस्फेट सलफेट भी कहते है। इसमें

■ **डीएपी उर्वरक की आवश्यकता अनुसार पूर्ति न होने के कारण किसानों को डीएपी खाद लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है**

20 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 13 प्रतिशत सल्फर होता है। जो कि तिलहनी फसलों के लिए श्रेष्ठ है। एनपीके 5-15-0-10 जिसे यूरिया सिंगल सुपर फॉस्फेट भी कहते है। इसमें 5 प्रतिशत नाइट्रोजन, 15 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 10 प्रतिशत सल्फर उपलब्ध होता है। उपरोक्त विकल्पों का इस्तेमाल किसान निश्चिंत हो कर डीएपी के स्थान पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में बुवाई क क्षेत्र बढ़ने की संभावना है एवं चना व सरसों की बुवाई का ये उपयुक्त समय है। सरसों, चने व गेंहू की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों में चना किस्म जीएनजी 1581 रूपए 2550 प्रति 30 किग्रा, सरसो बीज एमआरआर 8040 रूपए 1000, टाटा डीजे 6111 रूपए 1000, किंग सूमो गोल्ड रूपए 1000, किंग प्रभात रूपए 650, किंग चुटकी रूपए 650, उजाला रूपए 300, झंकार रूपए 200, टी-59 रूपए 450 प्रति तीन किग्रा, आरएच-30 रूपए 450 प्रति तीन किग्रा, हाईटेक 7701, टाटा एमजे-1, श्रीराम 1666, गेंहू श्रीराम सुपर 252, श्रीराम सुपर-1 - एसआर- 14, श्रीराम सुपर-3-एसआर-72, टाटा रिल-12, महिको गोल, महिको मुकुट, महिको 6655, राशि प्रबल एन.पी.के 20-20-0-13 रूपए 1400 प्रति 50 किग्रा बैग, एनपीके 5-15-0-10 रूपए 700 प्रति 50 किग्रा, जीबी टोटल-21 रूपए 900 प्रति 25 किग्रा रतेरवाल सीड्स चिड़ावा से सम्बंधित सभी विक्रेताओं के पास उचित मूल्यों पर उपलब्ध है।

### बेनीवाल शनिवार पत्रकारों से रूबरू

**चूरू।** बीकानेर में होने वाली राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की रैली को लेकर पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल शनिवार को चूरू पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि 29 अक्टूबर को पार्टी के सातवें स्थापना दिवस पर संकल्प के साथ आगामी 3 साल का रोडमैप तैयार कर सात संकल्प की घोषणा की जाएगी। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में रैली में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह रैली कई नेताओं का भविष्य तय करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। किसानों की एमएसपी गारंटी कानून की हम लगातार मांग उठा रहे हैं और बीजेपी जिन मुद्दों को लेकर सत्ता में आई, उन मुद्दों को भूल गई। हमारी पार्टी का गठन युवा व किसानों के लिए हुआ है। बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं हो रही है। क्या यह इन नेताओं को नहीं दिख रहा है। हमने एस आई भर्ती पेपर लीक का मुद्दा उठाया और हमारे अथक प्रयासों से 128 दिन बाद भर्ती रद्द करवाई।

## सार-समाचार

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड का सीकर आगमन

**सीकर** । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य श्री मदन राठौड शनिवार को सीकर आए। इस दौरान उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत व भारत सरकार की तरफ से लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में सीकर में 31 अक्टूबर को पदयात्रा निकाली जाएगी। कहा कि वे स्वयं भी इस यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 6 अक्टूबर से निकाली जा रही पदयात्रा में भारत सरकार के खेल मंत्रालय की ओर से युवाओं में एकता, देश भक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बिखरे हुए भारत को एक श्रेष्ठ भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ायेगी। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यह पदयात्राएं संपूर्ण भारत में निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदार बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। उन्होंने बताया कि इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक सहित आमजन देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। कहा कि खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले स्तर पर पदयात्रा निकालने के बाद प्रत्येक विधानसभा में भी करीब 10 किलोमीटर तक निकाली जाएगी। इसका समापन 25 नवंबर को लक्ष्मणगढ़ में किया जाएगा। कहा कि इसमें सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी, मेरा भारत एन.एस.एस. स्काउट, एन.सी.सी. सहित कई संस्थाएं भाग लेंगी। राठौड़ ने बताया कि सीकर में पदयात्रा 31 अक्टूबर को निकाली जाएगी। पदयात्रा तांत्या टोपे पार्क से प्रारंभ होगी जो जाट बाजार, बावड़ी गेट, घंटाघर, दूजोद गेट होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां पदयात्रा का समापन होगा । राठौड़ ने कहा कि पदयात्रा में भारत माता के जयकारों के साथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आव्हान किया जाएगा। कहा कि भारत को अब स्वदेशी उत्पादों के साथ आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस दौरान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाना, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक अनिल धींवा, जिला युवा खेल अधिकारी मोहित कुमार, जितेंद माथुर, जितेंद्र सिंह कारंगा, वरूण कुशलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण पंजीकृत किया जाएगा

**झुंझुनूं।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में संक्रमण नियंत्रण एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट के विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अस्पताल में कार्यरत 115 स्वास्थ्यकर्मियों यथा चिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लिया। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण की महत्ती भूमिका के बारे में बताया तथा स्वास्थ्यकर्मियों एवं वार्ड प्रभारियों को आमजन को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। ताकि संक्रमण नियंत्रण में आमजन को सटीक जानकारी मिल सके। राष्ट्रीय असेसर डॉ. नवीद अख्तर ने स्वास्थ्यकर्मियों को बिंदुवार प्रशिक्षण प्रदान किया।जिसमें हैंड वाशिंग, ग्लव्स उपयोग, इंस्ट्रूमेंट उपयोग, ऑटोक्लेव, स्टाफ के रूटीन इम्यूनाइजेशन एवं मेडिकल चेकअप, स्वैब कल्चर एवं फूमिगेशन, स्पिल मैनेजमेंट एवं मर्करी स्पिल, नीडल से इंजरी होने पर उसका मैनेजमेंट, टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभावों का मैनैजमेंट आदि के बारे में बताया। पीएमओ डॉ. भांबू ने बताया कि प्रशिक्षण को भारत सरकार के मॉड्यूल आईगॉट कर्मयोगी पर भी अपलोड करवाया जा रहा। भारत सरकार के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुसार समय समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन एवं स्वास्थ्यकर्मियों में में संक्रमण नियंत्रण की जानकारी से काफी बीमारियों के परस्पर संक्रमण से रोका जा सकता है। शीघ्र स्वास्थ्य सुधार लाया जाना संभव है। अस्पताल में रोगीयों के भर्ती होने के समय में कमीं लाई जा सकती है।

# श्रीमद्भागवत कथा में भाव विभोर हुए श्रोता

**झुंझुनूं** । शहर के चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस में द्वितीय दिवस शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का में व्यास पीठ से कथावाचक संतश्री हरिशरण जी महाराज ने बताया कि चौबीस अवतार, भीष्म चरित्र और शुकदेव जी का आगमन भागवत कथा में महत्वपूर्ण प्रसंग हैं। जिनमें चौबीस अवतार भगवान विष्णु के विभिन्न रूप हैं। भीष्म चरित्र महाभारत काल के एक महान योद्धा और भक्त थे और शुकदेव जी भगवान वेदव्यास के पुत्र थे। जिन्होंने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत पुराण का उपदेश दिया था। भगवान विष्णु के 24 अवतार अवतार बुराई को खत्म करने और धर्म की स्थापना के लिए लिए गए थे। इनमें मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि जैसे अवतार शामिल हैं। महाराजश्री ने भीष्म चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भीष्म महाभारत काल के एक महान योद्धा और हस्तिनापुर के राजा शांतनु और देवी गंगा के पुत्र थे। उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा निभाई, जो कि देवव्रत के नाम से जानी जाती थी। इस प्रतिज्ञा के कारण वह जीवन भर अविवाहित रहे और उन्होंने हस्तिनापुर के सिंहासन का त्याग किया।

शुकदेव जी का आगमन कथा में सुनाते हुए उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, शुकदेव जी भगवान वेदव्यास के पुत्र थे और वे एक तोते के रूप में थे। उन्होंने अपने पिता वेदव्यास से महाभारत की शिक्षा प्राप्त की और देवताओं को सुनाया। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत पुराण का उपदेश दिया था।

■ **चौबीस अवतार, भीष्म चरित्र और शुकदेव जी का आगमन भागवत कथा में महत्वपूर्ण प्रसंग है**

श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान और श्री केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से आयोजित इस भागवत कथा के धार्मिक आयोजन में आशीर्वाद पैलेस हाउसिंग सोसायटी सहित शहर की अन्य धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं भी सहयोगी है।

आयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कुलदेवी श्री राणीसती जी दादीजी एवं पितृ कृपा से भागवत कथा के आयोजन में प्रतिदिन दोपहर दो से शाम छह बजे तक भागवत कथा के साथ हर दिन सुबह पांच बजे प्रवचन, सात बजे प्रभात फेरी का आयोजन एवं सामाजिक सरोकारों में सेवा कार्य भी किए जा रहे है। भागवत पूजन मूलपाठ पंडित संजू के आचार्यत्व में विद्वान पंडितों द्वारा किया गया। शहर के प्रसिद्ध पुष्करजी केटर्स के हरीश तुलस्यान द्वारा प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की गई एवं कथा स्थल को बहुत ही सुंदर रूप से मां भगवती डायमंड आर्ट के आशीष तुलस्यान द्वारा सजाया गया। प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरिशरण जी महाराज द्वारा सातों दिन अलग-अलग प्रसंगों पर सारगर्भित और संदेश परक प्रवचन दिये।

# जिला सम्मेलन में उद्योगों के निजीकरण पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता जताई

**झुंझुनूं** । अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला झुंझुनूं का सम्मेलन शनिवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास से समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुभाषचंद्र चेजारा ने की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुशील कुमार सैन प्रदेश महामंत्री राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ ने अधिमानता पर नियुक्त हेल्पर को लिपिक बनाने, सूचना सहायकों के पदोन्नित पद बढ़ाने, अधिमानता नियुक्त वाणिज्यिक सहायक द्वितीय के लिए आवश्यक अर्हक टाइप टेस्ट निगम स्तर से कराने, टेक्नीशियन को 3-12-21-30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर वित्तीय लाभ जयपुर

■ **अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला झुंझुनूं का सम्मेलन शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया**

डिस्कॉम की तर्ज पर देने सहित प्रमुख मांगों के निगम-सरकार से शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। साथ ही 16 नवंबर 2025 को बीकानेर के नोखा में आयोजित राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के अधिवेशन में अपेक्षित संख्या में शामिल होने की अपील की तथा उपस्थित मंचासीन अतिथियों से पोस्टर का विमोचन कराया। विशिष्ट अतिथि अजमेर डिस्कॉम के एसई महेश टीबड़ा ने श्रमिक संघ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर बधाई दी एवं श्रमिक संघ के साथ निगम स्तर से त्वरित गति से श्रमिक समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। विशिष्ट अतिथि विधायक राजेंद्र सिंह भांबू ने भारतीय मजदूर संघ को देश का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी संगठन बताते हुए समाज एवं देश के लिए संगठनों का महत्व बताया। साथ ही विद्युत श्रमिक संघ को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया। डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने श्रमिकों को संगठित होकर राष्ट्र एवं उद्योग हित कार्य करने एवं संगठन में आस्था एवं विश्वास रखने की हिदायती दी। श्रमिक नेता नरेंद्र सिंह राठौड़ ने सरकारों द्वारा उद्योगों के निजीकरण पर चिंता जताई एवं राष्ट्र व श्रमिक हित में उद्योगों के निजीकरण पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता जताई। महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने श्रमिक समस्या पर चर्चा की तथा उपखंडवार प्रतिनिधियों से श्रमिक समस्याओं का संठाहण कर निगम स्तर पर निराकरण के लिए मांग पत्र तैयार करने की बात कही। इस दौरान संगठन को मजबूती देने बाबत लेखा शाखा की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें विनोद कुमार आलड़िया को अध्यक्ष तथा सुंदरलाल को सचिव नरेश कुमार सुरेंद्र सैनी सुरेश प्रजापत को उपाध्यक्ष बनाया गया तथा शीघ्र ही कार्यकारिणी विस्तार कर लेखा शाखा की समस्याओं के निराकरण की बात कही। बैठक में जिला कार्य समिति के अलावा सभी उपखंड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बंशी लांबा ने किया। जिला बैठक में शैलेश यादव,बाबूलाल यादव, अशोक सैनी, विनोद सैनी, विकास नेहरा, राजवीर महला, भंवरलाल जांगिड़, मुकेश कालेर, वेदप्रकाश कुलहरि, संजयकुमार, जितेंद्र, ओमप्रकाश, विशाल, सुनिल, श्रीराम, धीरेंद्र शर्मा, राजवीर सामरिया, विजयपाल, हरिश जांगिड़, सुरेशसिंह, सुनिल बुगलिया, मुकेश कालेर, रमेश गुर्जर, शुक्रमपाल, किशोरीलाल, जयसिंह सहित सैंकड़ों कार्मिक मौजूद रहे।

### स्नैक्स का वितरण किया

**झुंझुनूं** । संतश्री हरिशरण महाराज की झुंझुनूं में भागवत कथा के दौरान सेवा कार्यों की शृंखला में शनिवार को खेतान मोहल्ला स्थित लक्ष्मीनाथ पाठशाला (ताराचंद जी का स्कूल) में बच्चों को स्व. सुशीला देवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान की पुण्य स्मृति में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पाठ्य सामग्री एवं स्नैक्स का वितरण संतश्री हरिशरण महाराज के पावन सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर संतश्री हरिशरण महाराज ने स्कूल प्रधानाध्यापिका ज्योति जोशी को दुपट्टा ओढाकर राधा कृष्ण का प्रतीक चिह्न भी भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान मधु कृष्ण कुमार गोयनका भीलवाड़ा, तुलस्यान परिवार के डॉ. डीएन तुलस्यान, स्नेहलता तुलस्यान, अभिलाषा तुलस्यान, नेहा तुलस्यान, विहान तुलस्यान एवं बेबी प्रिषा तुलस्यान, चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित एवं स्कूल संचालक गौतम चौमाल उपस्थित थे। जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान सामग्री वितरण में सहयोग किया।

**आम सूचना**

AU Small Finance Bank शाखा राजगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओम प्रकाश सिंह पुत्र रामकुमार सिंह राजपूत निवासी राजगढ़ चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 66.98 वर्ग मीटर वाके वार्ड नम्बर 01, मोहल्ला सादुलपुर, तहसील राजगढ़ चूरू को प्रार्थि AU Small Finance Bank शाखा राजगढ़ में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त जायदाद का पट्टा नंबर 152 मिशल नंबर 143 दिनांकित 21.05.1955 तादादी 1200 वर्गगज का गोपाल सिंह पुत्र उजिरण सिंह राजपूत नाम से जारी शुदा है, गोपाल सिंह के स्वर्गवास के पश्चात अमर सिंह पुत्र गोपाल सिंह ने अपने हिस्से की 66.98 वर्ग मीटर जमीन जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 03.09.2013 को प्रार्थी ओम प्रकाश सिंह पुत्र रामकुमार सिंह राजपूत को विक्रय कर दी है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उजर आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में AU Small Finance Bank शाखा राजगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें, बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

भरत व्यास, एडवोकेट
मो.-78774 80007, 78774 70007